लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 632
दिनांक 01.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

हस्तशिल्प को प्रोत्साहन

632. श्री मद्दीला गुरूमूर्तिः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का श्रीकलाहस्ती में और इसके आस-पास हस्तशिल्प कला तथा आंध्र प्रदेश में वेंकटागिरी चुनाव क्षेत्र से साड़ी बुनने वाले बुनकरों को बढ़ावा देने का भी कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा श्रीकलाहस्ती में तथा आंध्र प्रदेश में वेंकटागिरी चुनाव क्षेत्र में बुनकरों के सार्थक विकास में लगे निगमों, एजेंसियों और संगठनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) एवं (ख): जी हां महोदय, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, श्रीकलाहस्ती और वेंकटागिरी निर्वाचन क्षेत्र सहित आंध्र प्रदेश राज्य में हस्तशिल्प क्षेत्र के संवर्धन एवं विकास के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित करता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा विपणन कार्यक्रम, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, डिज़ाइन विकास कार्यशालाओं का आयोजन, उन्नत टूलकिट का वितरण और सेमिनार का आयोजन आदि इंटरवेंशनों/ गतिविधियों का ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः-

वित्तीय वर्ष	निष्पादित इंटरवेशन की संख्या	रिलीज़ की गई राशि (लाख रूपए में)	सीधे कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या
2016-17	36	1619.71	2238
2017-18	19	360.10	1901
2018-19	14	269.20	9767
2019-20	39	184.94	1354
2020-21	74	313.89	3775
कुल	182	2747.84	19035

विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय भी घरेलू के साथ अतंर्राष्ट्रीय बाज़ार में हथकरघा क्षेत्र के विकास तथा विपणन श्रृखंलाओं के सवंर्धन हेतु विभिन्न इंटरवेंशन कार्यान्वित करता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय द्वारा आयोजित विपणन कार्यक्रमों/ एक्स्पो का ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः-

वित्तीय वर्ष	निष्पादित इंटरवेशन की संख्या	रिलीज़ की गई राशि (लाख रूपए में)	कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष)
2016-17	5	52.00	11,000
2017-18	10	50.49	23,000
2018-19	2	41.50	5,000
2019-20	7	47.00	15,000
2020-21	6	58.40	10,000
कुल	30	249.39	64,000

इसके अतिरिक्त, श्रीकलाहस्ती तथा वेंकटगिरी निर्वाचन क्षेत्रों सहित आंध्र प्रदेश राज्य में हस्तशिल्पों एवं बुनकरों के संवर्धन के लिए निम्न लिखित मुख्य एजेंसियां/ संगठन लगे हुए हैः-

- मैसर्स राज्य हस्तशिल्प विकास सह्-निगम, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश।
- मैसर्स शिल्परामम कला, शिल्प एवं सांस्कृतिक सोसाइटी, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश।
- मैसर्स सोसाइटी फॉर वीवर्स वेल्फेयर इन आंध्र प्रदेश (एसडबल्यूडबल्यूएपी), रत्नागिरी, आंध्र प्रदेश।
- जिला ग्रामीण विकास एजेन्सी, चित्तूर, आंध्र प्रदेश।
- मैसर्स चित्तूर हस्तशिल्प उत्पादक कंपनी लिमिटेड, चित्तूर।
- राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश।

****